हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025

11 फुटपाथ पर रेहड़ी व खोमचा, अंकुश नहीं लगा..



12 विधायक ने शहर में बनने वाली सड़कों का किया...





## खबर संक्षेप



शादी में कन्यादान का सामान देते हुए।

### नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप ने दो बेटियों में किया कन्यादान

**नारनौल।** सामाजिक संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की मुहिम गरीब सुकन्या विवाह के अंतर्गत रविवार शहर के एक समीपवर्ती गांव में रहने वाले जरूरत मंद परिवार की दो बेटियों का कन्यादान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रमुख समाजसेवी जय प्रकाश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाजसेवी राकेश यादव, सुनील शर्मा एवम डॉक्टर प्रदीप कुमार रहे। सुनील शर्मा और जयप्रकाश अग्रवाल ने संस्था की सदस्यता ग्रहण भी की। इस कार्यक्रम के संयोजक राकेश यादव सेकवाल, संदीप जैन एवं सुनील शर्मा ने संयुक्त रूप से की। वही अध्यक्षता संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने की। लगभग 450 बेटियों का कन्यादान कर चुके हैं।

### सब्जी लेने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**कनीना।** गांव मुंडिया खेड़ा में सब्जी खरीदने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। इस बारे में ग्रामीण देव प्रकाश ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह सायं करीब सवा आठ बजे दौंगड़ा अहीर बस स्टैंड पर गया था, जहां बाइक खड़ी कर वह सब्जी की दुकान पर चला गया। सब्जी लेकर वापिस लौटा तो बाइक वहां से गायब थी। अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

### सराय बहादुर नगर में रक्तदान शिविर आज

**मंडी अटेली।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर सराय बहादुर नगर में रक्तदान शिविर पांच मई को लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए सरपंच नरेंद्र ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा महेंद्रगढ़ की टीम द्वारा यह रक्तदान शिविर नेशनल हाईवे के समीप मंदिर प्रांगण में लगेगा, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव रहेंगे।

### गौड़ सभा 11 को करेंगी परशुराम जयंती समारोह

**कनीना।** श्रीगौड़ सभा कनीना की ओर से आगामी 11 मई रविवार को भगवान परशुराम जयंति समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा करेगें जबकि मुख्यातिथि हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा सशक्तिकरण मंत्री गौरव गोतम होंगें। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गुरूग्राम के विधायक मुकेश शर्मा व जितेंद्र भारद्वाज गुरूग्राम उपस्थित होगें। सभा के प्रधान डा. रविंद्र कौशिक ने बताया कि गाहड़ा रोड स्थित एक निजी समारोह स्थल में आयोजित इस समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह में महंत लक्ष्मणगिरी गौशाला बूचावास के संचालक महाराज विट्ठलगिरी सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीगौड़ सभा नारनौल के प्रधान राकेश मेहता, प्रख्यात कवि डॉ मोहनमनीषी, अश्वनी शर्मा, विनित शर्मा, डॉ मनीष शर्मा, अमित मिश्रा, मोहन शर्मा उपस्थित रहेगें।

### बाबा उमंद सिंह की स्मृति में 13 को विशाल मेला

**कनीना।** बाबा उमंद सिंह महाराज का विशाल मेला आगामी 13 मई को आयोजित किया जाएगा। इस बारे में ताराचंद कौशिक ने बताया कि बुहाना में आयोजित इस दो दिवसीय समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 12 मई को सुबह सवा सात बजे बाबा के आश्रम से भव्य झांकी व कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेगें। उन्होंने बताया कि रात्री के समय जागरण होगा, जिसमें तरूण बाल्याण, ज्ञानेंद्र सरदाना, पूजाराव, रिंकु चोधरी, टिना, सुरेश बेनीवाल, विजेंद्र, जयाचोधरी रातभर धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। 13 मई को सुबह सवा दस बजे भंडारा प्रारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## नारनौल में पांच तो महेंद्रगढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाए, केंद्रों के अंदर-बाहर पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे

# कड़ी सुरक्षा के बीच नीट की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से महेंद्रगढ़ जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए नारनौल में पांच तो महेंद्रगढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस परीक्षा में महेंद्रगढ़ में 1250 तो नारनौल में 2142 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। इस परीक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा केंद्रों में एंट्री का टाइम दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक का रखा गया था, लेकिन परीक्षार्थी 12 बजे के आसपास की परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। अधिकांश परीक्षार्थियों के साथ उनके माता-पिता या अन्य अभिभावक साथ आए थे। इस कारण परीक्षा केंद्रों पर भीड़ की स्थिति बनी रही। हालांकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर दूरी पर ही पुलिस बल तैनात कर दिए गए, ताकि किसी भी तरह से परीक्षा का माहौल खराब न हो और परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कोई परेशानी न आए। परीक्षार्थी जब केंद्रों पर पहुंचे तो उन्हें मुख्य प्रवेश द्वारों के बाहर सीटिंग प्लान चस्पा हुआ मिला। जिसमें परीक्षार्थियों ने अपने रोल नंबर चेक किए तथा अपनी सीट के लिए रूम की जानकारी प्राप्त की। रूम की जानकारी मिलने के बाद परीक्षार्थियों ने सेंटर के अंदर प्रवेश लेना शुरू किया। जिस पर उन्हें मुख्य गेट पर ही रोक कर उनके रोल नंबर चेक किए गए। साथ ही उनके द्वारा पहने गए वस्त्रों एवं आपत्तिजनक उपकरणों को चेक किया गया। किसी भी परीक्षार्थी को कड़े, गहने, गजेट्स, बड़े बटन वाले ड्रेस इत्यादि पहनकर अंदर नहीं जाने दिया। एनटीए की गाइड लाइन के अनुसार पाबंद किए गए साजोसामान को गेट से बाहर ही उतरवा दिया गया। जिस परीक्षार्थियों के साथ आए अभिभावकों ने अपने पास रख लिया। परीक्षार्थियों के लिए खुशी एवं राहत की बात यह थी कि अबकी बार परीक्षा केंद्र 100-150 किलोमीटर दूर सेंटर आने की बजाए अपने ही जिले में ही बनाए गए थे। इस कारण परीक्षार्थियों को वहां तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हुई। हालांकि परीक्षा केंद्रों के बाहर दो पहिया वाहनों से अधिक चार पहिया गाड़ियों की भीड़ नजर आई। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं गर्ल्स कॉलेज के सेंटर पास-पास ही होने के कारण यहां पर गाड़ियों का नजारा कुछ अलग ही तरह से देखने को मिला। यहां पर पुलिस ने बहरोड़ चौक पर ही बेरिकेट्स लगा दिए थे, जिस कारण जो भी चार पहिया वाहन वहां पहुंचे, उन्हें टीबी अस्पताल से लेकर नागरिकअ अस्पताल तक खड़े करने पड़े। सड़क किनारे बहुत सारी कार ही कार नजर आ रही थी। कुछ ऐसी ही स्थिति ब्वॉयज कॉलेज के इर्द-गिर्द रही, लेकिन यहां चौड़ी सड़क होने एवं पास ही स्टेशन के इर्द-गिर्द काफी खुली जगह होने के कारण कोई परेशानी नजर नहीं आई। ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास भी ब्वॉयज कॉलेज की भांति ही सड़क काफी चौड़ी होने से जगह की परेशानी नहीं रही।





नारनौल। पीजी ब्वॉयज कॉलेज के गेट पर लगी लिस्ट में अपना नाम खोजते हुए व गर्ल्स कॉलेज के अंदर पहुंचे छात्र-छात्रा परीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### इन परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

*नारनौल में नीट परीक्षा के लिए कुल पांच सेंटर बनाए गए थे, जिनमें दोनों सरकारी पीजी कॉलेज, दोनों सरकारी सीनियर सेकेंडरी तथा एक केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में बनाया गया था। इन परीक्षा केंद्रों समेत जिले के सभी आठ परीक्षा केंद्रों पर 3392 स्टूडेंट्स के एग्जाम देने की व्यवस्था की गई थी। कुल मिलाकर देखा जाए तो कड़े चाक चौबंद के बीच नीट परीक्षा आयोजित की गई। पेपर लीक आउट पर निगरानी रखने के लिए सिविल ड्रेस में सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस स्टॉफ ड्यूटी में लगा हुआ था।*



नारनौल। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो :हरिभूमि

***कड़ी सुरक्षा के बीच मिला प्रवेशः*** *मुख्य द्वार पर रोल नंबर एवं पहने हुए आभूषण आदि चेक होने उपरांत परीक्षार्थी को मेटल डिटेक्टर मशीनों से गुजरना पड़ा। स्थाई मशीन वाले गेट के अलावा भी महिला एवं पुरुष स्टॉफ मेटल डिटेक्टर मशीन से परीक्षार्थियों को दो-तीन बार चेक करने उपरांत ही अंदर जाने दे रहे थे। यह सब वीडियोग्राफी की मौजूदगी में हुआ। इसके पश्चात रूम तक जाने से पहले परीक्षार्थियों को लाइन में लगना पड़ा तथा उन्हें एक-एक करके परीक्षा केंद्र में बनी सीट तक जाने दिया गया। परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई, जो करीब तीन घंटे तक चली।*



महेंद्रगढ़। विद्यार्थी की चेकिंग करता केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मचारी।

*महेंद्रगढ़ शहर में तीन परीक्षा केंद्रों पर 1250 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा*

# आधे घंटे बंद रहा बायोमेट्रिक मशीन का सर्वर विद्यार्थियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

### *राजकीय महाविद्यालय में एंट्री शुरू होते ही डाउन हुआ बायोमेट्रिक मशीन का सर्वर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में रविवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। वहीं राजकीय महाविद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन का सर्वर डाउन होने के चलते विद्यार्थियों को शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आधे घंटे बाद मशीन का सर्वर ठीक होने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया।

नीट की परीक्षा के लिए महेंद्रगढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों में 1250 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश के लिए कई बार चेकिंग प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से पांच बजे निर्धारित किया गया था। परीक्षार्थियों को सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक केंद्र में प्रवेश दिया गया। 1.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा केंद्र में आई कार्ड के अलावा पानी की केवल पारदर्शी बोतल लेकर जाने दिया गया। परीक्षार्थियों के लिए स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामिति, पेन, पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, कैलकुलेटर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर आदि सभी पर परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहीं।

#### सूचना पर तुरंत मैकेनिक भेजे गए

*शहर के राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में एंट्री शुरू होते ही बायोमेट्रिक सर्वर डाउन हो गया। सर्वर डाउन होने के चलते परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश नहीं मिल पाया। इस दौरान परीक्षार्थी केंद्र के बाहर ही लाइन में खड़े नजर आए। इस दौरान विद्यार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बायोमेट्रिक मशीन के सर्वर खराब होने की सूचना परीक्षा केंद्र इंचार्ज ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दी। इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों की ओर से बायोमेट्रिक को ठीक करने के लिए मैकेनिक भेजे गए। करीब आधे घंटे बाद बायोमेट्रिक सही काम करने लगी। इसके बाद परीक्षार्थियों का केंद्र में प्रवेश कराया गया।*

*आयोजकों ने अपने हाथों से श्रमिक भाई बहनों को भोजन कराया*

# पिता की पुण्यतिथि पर आनंद रसोई में 300 श्रमिकों को कराया अल्पाहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने रविवार अपने पिता स्वर्गीय मास्टर लक्ष्मीनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर परशुराम चौक पर लगभग 300 श्रमिकों के लिए सुबह अल्पाहार की व्यस्था की। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रकल्प संयोजक डॉ. संजय शर्मा और शाखा सचिव मुकेश जैन ने बताया कि विपिन शर्मा द्वारा परिषद के महत्तवपूर्ण प्रकल्प आनंद रसोई के अंतर्गत परशुराम चौक पर उपस्थित श्रमिकों के लिए भोजन व्यस्था की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा, पूर्व शाखा अध्यक्ष राजकुमार यादव, पूर्व सचिव दिनेश शर्मा और कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता और सेवा संयोजक पवन यादव उपस्थित रहे। आयोजकों ने अपने हाथों से श्रमिक भाई बहनों को भोजन कराया। शाखा अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने कहा कि परिषद के कार्य सामाजिक सद्भावना एवं सेवा के अनुपम उदहारण होते हैं। कार्यक्रम के आयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि भोजन खिलाना बहुत पुण्यदायी माना जाता है। प्रकल्प संयोजक डॉ संजय शर्मा ने कहा कि पुण्यतिथि को पुण्य रूप के अंदाज में मनाकर भाविप ने सार्थकता का सन्देश दिया है। देवेन्द्र वर्मा एवं भीमसेन शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद अन्नदान की श्रेष्ठ परम्परा को निभाता आ रहा है।



नारनौल। श्रमिकों को अल्पाहार देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुदेश राव ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल हरनाथ निवासी स्व. अशोक कुमार की पुत्री सुदेश राव ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर नेट की परीक्षा केमिस्ट्री विषय से उत्तीर्ण की है। सुदेश राव ने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल करते हुए आल इंडिया में 45 रैंक हासिल की है। सुदेश राव ने यह उपलब्धि सेल्फ स्टडी करते हुए बिना किसी कोचिंग के हासिल की है। वर्तमान में सुदेश राव आईआईटी कानपुर में जूनियर लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। सुदेश की माता सुनीता राव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलाना में इंग्लिश लेक्चर के पद पर कार्यरत है।



# जेआरएफ परीक्षा में 136वीं रैंक पाने वाली सपना शर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी ने सपना शर्मा सुपुत्री श्घनश्याम शर्मा निवासी सागरपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मार्च 2025 में आयोजित नेट जेआरएफ़ परीक्षा में 136वें रैंक के साथ उत्तीर्ण कर अटेली खंड व ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया। सीएसआईआर यूजीसी द्वारा संचालित इस परीक्षा में हर वर्ष देश के हर कोने से लाखों विद्यार्थी आवेदन करते हैं। मात्र कुछ प्रतिशत छात्र ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाते हैं। जिनको असिस्टेंट प्रोफेसर व जूनियर रिसर्च फेलोशिप की उपाधि दी जाती है। सपना शर्मा के पिता घनश्याम शर्मा सागरपुर ने बताया कि सपना की उपलब्धि पर भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ, संयोजक अरविंद कौशिक, उपप्रधान आलोक कौशिक, पवन भारद्वाज, घनश्याम शर्मा, चौधरी ओमप्रकाश, चौधरी सतबीर, भूप सिंह, वेद प्रकाश, संदीप मास्टर, चौ दीपक, सतीश यशवीर शर्मा सहित अनेक लोगों ने सपना को बधाई दी। भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ ने सपना शर्मा को बधाई दी।



मंडी अटेली। भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से सपना शर्मा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## आस्था

## श्रीगोपाल गौशानास में संस्था ने लगाई गौ सवामणी

*जिस स्थान पर गाय रहती है, वहां नकारात्मक उर्जा फटक भी नहीं पाती*

# गोसेवा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य की होती प्राप्तिः महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में रेवाड़ी रोड स्थत श्री गोपाल गौशाला पर गो पूजन कर गो सवामणी लगाई गई। आचार्य बजरंग शास्त्री के सानिध्य में हुई इस सवामणी में सर्वप्रथम आचार्य मनीष शास्त्री ने यजमान डॉ विकास शांडिल्य, डॉ तन्वी शांडिल्य, राजेंद्र गुप्ता, मंजू गुप्ता, विनोद सोनी, रमा सोनी एवं संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा गौ पूजन कर गौ सवामणी का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान महेन्द्र नूनीवाला ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को मां के समान माना गया है जिनकी सेवा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार गाय के शरीर में तीनों लोको के देवी-देवता निवास करते हैं। यही कारण है कि भगवान श्रीकृष्ण को गाय से बहुत ज्यादा लगाव था। मान्यता है कि जिस स्थान पर गाय रहती है, वहां नकारात्मक उर्जा फटक भी नहीं पाती है और उस स्थान के सभी दोष दूर हो जाते हैं। सनातन परंपरा में गाय से जुड़ी सभी चीजें जैसे दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोबर आदि का पूजा के लिए प्रयोग अत्यंत ही शुभ माना गया है।



नारनौल। गौ सवामणी में हिस्सा लेते श्रद्धालु। फोटो :हरिभमि

#### गाय का ज्योतिषीय में भी महत्व

आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि गाय की पूजा एवं सेवा का न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिषीय महत्व भी है। मौके पर राजकुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि गाय कें शरीर मे सभी देवताओं का वास होता हैं उन्होने बताया की गाय की सेवा करने से मनुष्य के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौ सेवा व दान पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती हैं। इस मौकेर पर विनोद, जोगेंद्र अग्रवाल, कृष्ण गुप्ता, संस्था के उप प्रधान सुरेश शर्मा, डॉ विकास शांडिल्य, विनोद सोनी, जोगेन्दर अग्रवाल, महेंद्र नुनीवाला, राजेंद्र गुप्ता, कृष्ण गुप्ता संजय सैनी, विपिन अग्रवाल, सुरेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, राजकुमार, सुरेन्द्र गोयल, संजय सैनी, कमल बंसल, सोमदेव शर्मा, कैप्टन अरविन्द शर्मा, राजेश लखेरा, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, लीलावती, अनुराधा नुनीवाला, पिंकी बंसल, गोमती बोहरा,जया अग्रवाल आदि गो भक्त उपस्थित रहे।

### महिला आईटीआई की छात्राओं को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

**नारनौल।** महिला आईटीआई में नर नारायण सेवा समिति की ओर से नैतिक मानवता पर संदेश एवं चर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष रामसिंह मधुर ने कहा कि मानव शक्तियों एवं गुणों का केंद्र है। गुणों को विकसित करना ही शिक्षा है। शिक्षा से जीवन का विकास तथा जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। शिक्षा से सरलता, शीतलता, सभ्यता, सदाचारिता, चारित्रता, सेवाभाव, सामूहिक नम्रता आदि गुणों को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने कहा कि हमें दुर्गुणों से दूर रहना चाहिए तथा इनका त्याग करना चाहिए। संस्कार बिगड़ने के कारण मोबाइल, डीजे, गंदे गाने, गलत लोगों से संगत, अज्ञानता, बिना समझे जाने से जीवन गर्त में चल जाता है। माता-पिता परिवार को पता भी नहीं चलता। अध्यक्षता प्रिंसिपल जितेंद्र कौशिक ने की। मंच संचालन सरोज कुमारी ने किया। कार्यक्रम में संतोष बाई, सुंदर कुमारी, अतुल कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार व आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्लम एरिया टैलेंट संस्था ने पंछियों के पानी के लिए 500 सिकोरे लगाने की मुहिम में एक ओर कदम

**नारनौल।** संस्था स्लम एरिया टैलेंट की पंछियों के पानी के लिए 500 सिकोरे लगाने की मुहिम में अब समाजसेवियों का भी साथ मिलने लगा है। संस्था के इस नेक संकल्प को देखते हुए रविवार संस्था के साथ मिलकर पूर्व वरिष्ट भू वज्ञानिक वासु देव यादव, समाजसेवी शंकर लाल सोनी, युवा समाजसेवी शुभम सोनी, शिव कुमार मित्तल और सुरेंद्र जैन ने पंछियो के लिए पानी के सकोरे रखे। इस दौरान वासु देव ने बताया कि स्लम एरिया टैलेंट द्वारा बहुत नेक काम किया जा रहा है। शंकर लाल सोनी ने बताया कि स्लम एरिया टैलेंट द्वारा लगातार बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक रुक से विकास किया जा रहा है। मौके पर हनी गुप्ता, कविता सैनी, मनीषा महावर और स्लम एरिया टैलेंट के बच्चें मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



नारनौल। सवामणी लगाते महिला इकाई से जुड़ी महिलाएं।

### उपचार गौशाला में लगाई सवामणी

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज की जिला महिला इकाई द्वारा उपचार गौशाला में गौमाता की सवामणी लगाई गई। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि बेजुबान जीव की सेवा करना मनुष्य का परम धर्म है और गाय माता को हिंदू धर्म में मां का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज समय-समय पर इस तरह के कार्य करता रहता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए हमें पशु व पक्षियों के लिए पानी का भी इंतजाम अपने-अपने इलाकों में जहां हम रहते हैं, जरूर करना चाहिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मधु गोयल, जिला उपाध्यक्ष नीता गुप्ता, जिला महासचिव सुनीता गोयल, जिला कोषाध्यक्ष रितु गोयल व जिला संगठन मंत्री बबली जैन, रेनू गोयल, रेखा सिंघल, पूजा जैन, रंजना अग्रवाल, नीरू मित्तल आदि उपस्थित थी।

### गांजे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने झज्जर रोड मीट मार्केट के पास नशीला पदार्थ गांजा बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



पुलिस को सूचना मिली थी कि जेलदार बिल्डिंग में किराए के कमरे में रहने वाला संघी का बास निवासी आशीष कुमार नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह मीट मार्केट के पास नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर मीट मार्केट के पास दबिश दी। वहां खड़े एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम आशीष बताया। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाकर उसकी तलाशी तो उसके कब्जे से 44 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही काबू करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

*सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग ने लगाई प्रदर्शनी*

# वेव-2025 में हॉलीवुड-बॉलीवुड को लुभा रही यहां की फिल्म लोकेशन

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाए जिला के ऐतिहासिक स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

मुंबई के जीओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव-2025) में नारनौल की ऐतिहासिक इमारतें फिल्म निर्माताओं को आकर्षित कर रही हैं। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा लगाई गई पैवेलियन में न केवल राज्य के एतिहासिक स्थलों को दिखाया जा रहा है बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत भी दिखाई जा रही है।

इस पैवेलियन में नारनौल शहर के ऐतिहासिक स्थान विशेष रुप से छाए हुए हैं। इनमें जल महल, महेंद्रगढ़ का किला, राय बाल मुकुंद का छत्ता, ढोसी हिल्स की वीडियो लगातार प्रदर्शित की जा रही हैं जो बॉलीवुड और हॉलीवुड की प्रसिद्ध कंपनियों को लुभा रही है। इतने बड़े स्तर पर पहली बार हरियाणा के सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों की प्रदर्शनी की जा रही है। इस कार्यक्रम में दुनिया के 130 देशों से कला, संस्कृति, मीडिया, फिल्म और टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रमुख कंपनियां और दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं हैं। इतना ही नहीं, जिला महेंद्रगढ़ में फिल्माई गई झनकदार कंगना जैसी कुछ फिल्मों की झलक भी दिखाई जा रही है। फिल्म लोकेशन के हिसाब से सबसे उपयुक्त जिला महेंद्रगढ़ आने वाले समय में फिल्मकारों के लिए बेहतरीन स्थान हो सकता है। इन्हीं संभावनाओं के मध्य नजर विभाग द्वारा यह पहल की गई है। इस आयोजन से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय कलाकारों और फिल्म निर्माताओं के लिए नए अवसर मिलने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में इसी भवन में पूरे देश के सामुदायिक रेडियो केंद्रों का राष्ट्रीय सम्मेलन भी चल रहा है।

जिला महेंद्रगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की आत्मा स्कीम से दक्षिणी हरियाणा सांस्कृतिक मंच द्वारा चलाए जा रहे जिला के एकमात्र रेडियो अरावली एफएम-90.40 को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।






नारनौल। हरियाणवी पवेलियन में पहुंचे अभिनेता अक्षय कुमार व मुंबई में हरियाणा सरकार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### दी जाती है 2 करोड़ तक की सब्सिडी

**नारनौल।** सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से हरियाणा की पवेलियन देख रहे संयुक्त निदेशक नीरज कुमार ने बताया कि विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग के मार्गदर्शन में यह पवेलियन लगाया गया है। इसका मुख्य मकसद फिल्मकारों को हरियाणा में फिल्म बनाने के लिए आकर्षित करना है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने "हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति-2022" बनाई हुई है। इसके तहत सब्सिडी देने का प्रावधान भी किया गया है। इसमें चयनित फिल्मों को 50 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य न केवल राज्य की लोक संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देना है, बल्कि सिनेमा के माध्यम से लोगों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना भी है। साथ ही, इस पहल का उद्देश्य राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करना है। फिल्म नीति के निर्माण के बाद, हरियाणा ने बॉलीवुड के अलावा अन्य भाषाओं में फिल्म बनाने वाले निर्माताओं को "सिंगल-विंडो" शूटिंग अनुमतियों और सब्सिडी प्रोत्साहनों के माध्यम से आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

## अतिक्रमण: एंबुलेंस व दमकल वाहन को भी नहीं मिल पाता रास्ता

# निजामपुर रोड पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सड़क पर चलने को मजबूर पैदल यात्री

- फुटपाथ पर रेहड़ी और खोमचा, अंकुश नहीं लगा पाया नपा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी

विभागीय रिकॉर्ड में शहर की सड़कों के दोनों तरफ 20-20 फीट चौड़ा फुटपाथ है, लेकिन धरातल पर पगडंडी भी उपलब्ध नहीं। अस्थाई दुकानदारों ने रेहड़ी, खोमचे तथा बिक्री का सामान रखना शुरू कर दिया है। हालांकि बीते तीन महीनों में नपा प्रशासन दो बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला चुका, इसके बावजूद फुटपाथ पर अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाया है। अव्यवस्थित माहौल में पैदल यात्रियों की सड़क पर चलना तथा वहीं वाहनों को खड़ा करना मजबूरी बन गई है। जिससे जानलेवा हादसों की आशंका बनी रहती है। परेशान लोगों ने नपा प्रशासन को समस्या से अवगत करवा दिया, बावजूद कार्रवाई नहीं होने से शहर में भ्रष्टाचार की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी को तहसील से अपग्रेड करके उपमंडल का दर्जा दे दिया है। लोगों को एसडीएम स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद तहसील प्रांगण में भीड़ रहने लगी है। रोजाना एक हजार से अधिक ग्रामीण विभिन्न कामकाज कराने के लिए एसडीएम, तहसील, बीडीपीओ तथा नपा कार्यालय में पहुंचते हैं। इसके अलावा अस्पताल, बिजली निगम, बैंक व दुकानों पर खरीददारी करने रोजाना पांच-सात हजार लोगों को आनाजाना बढ़ गया। अधिकतर लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। जिससे शहर में पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। दूसरी ओर अस्थाई दुकानदारों ने बिक्री बढ़ते ही सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है। निजामपुर रोड पर अतिक्रमण की समस्या नासूर बन चुकी, क्योंकि यहां ग्राहकों को सड़क पर ही वाहन खड़े करके खरीददारी करनी पड़ती है। दोनों तरफ करीब 10 फुट सड़क पर पार्किंग हो जाती है, बचे हुए 10 फिट रोड पर दोनों तरफ के वाहनों का आवागमन होता है। आमने-सामने के वाहनों को साइड लेना भी संभव नहीं होता। जिस कारण यातायात जाम की समस्या बढ़ गई। इस दौरान पैदल यात्रियों को दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। वहीं बुजुर्गों को सड़क पार करना भी मुश्किल बना हुआ है। हालांकि दीपावली से पहले नपा प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। कुछ अस्थाई दुकानदारों के चालान भी काटे गए थे, लेकिन अभियान को विराम देते ही फुटपाथ पर दुबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कों पर दिनभर स्कूल बसें, एंबुलेंस तथा दमकल वाहनों का आवागमन रहता है। यातायात जाम की स्थिति होने की वजह से एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता और मरीजों के जीवन को खतरा बना रहता है। कई बार दमकल वाहनों को भी सड़क खाली नहीं मिलती, कड़ी मश्क्कत करके जाम को पार करके घटना स्थल तक राहत पहुंच पाती है।



नांगल चौधरी। शहर की निजामपुर सड़क के किनारे तक अतिक्रमण।

### पक्की दुकान वाले वसूलते हैं किराया

सूत्रों की मानें तो शहर के निजामपुर व कोटपूतली रोड पर आठ से 15 हजार में पक्की दुकानें किराये पर उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन स्थाई दुकानों के सामने रेहड़ी या खोमचे लगाने का किराया 20 से 25 हजार तक है। एक दुकान के सामने रेहड़ी के साथ मूंगफली पकाने की छड़ी लगने लगी है। अवैध किराया वसूली की शिकायत विभागीय अधिकारियों तक पहुंच चुकी, बावजूद कार्रवाई नहीं होना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### पुलिस कार्रवाई करेगा नपा प्रशासन

नपा के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से पैदल यात्रियों की समस्या बढ़ गई। शहर की स्वच्छता और सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। कुछ दिन पहले ही एसडीएम की मौजूदगी में सड़कों के किनारे फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन अस्थाई दुकानदारों ने दुबारा से रेहड़ी और खोमचे लगाने आरंभ कर दिए। अब नपा प्रशासन अतिक्रमण हटाने के साथ पुलिस कार्रवाई भी करेगा।

### शहर में बुजुर्ग यात्रियों की बढ़ी परेशानी

शहर वासियों ने बताया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से यात्रियों को सड़क पर सफर करना पड़ता है। इस दौरान बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, क्योंकि कमजोर शरीर और कम दिखाई देने की वजह से हादसे की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा अतिक्रमण होने के कारण शहर की सफाई नहीं हो पाती। नालियों में कूड़ा-करकट भरा होने की स्थिति में दुकानदारों को दुर्गंध और मच्छर काटने की समस्या झेलनी पड़ती है।



नारनौल। प्रभात फेरी में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# शहर में निकाली 137वीं प्रभात फेरी, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन की ओर से रविवार को 137वीं प्रभात फेरी का आयोजन प्रातः 6:30 बजे हुडा सेक्टर वन फेस टू से किया गया। बैशाख सुदी अष्ट्मी की प्रभात की बेला में प्रभात फेरी के यजमान रमेश चंद शर्मा ने परिवार सहित अपने निवास पर ठाकुर जी की पूजा आरती करके सभी को चंदन तिलक लगाकर शुभारंभ किया।

इस दौरान सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चों ने ढोल नगाड़ों के थाप पर राधा नाम का स्मरण किया। प्रभात फेरी यजमान के निवास स्थान हुडा सेक्टर से चलकर सीएलस्कूल, चमत्कारी हनुमान मंदिर एवं हुडूडा सेक्टर के विभिन्न मार्गो में परिक्रमा करके पुनः यजमान के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। परिक्रमा मार्ग में लोगों ने अपने घरों से निकल कर प्रभात फेरी का स्वागत किया तथा चलने में असमर्थ व्यक्तियों ने अपने दरवाजों छतों पर आकर राधे-राधे धुन के साथ तालमेल बनाया। प्रभात फेरी मे राधा नाम का उच्चारण करते हुए भक्तों ने खूब आनंद प्राप्त किया। फेरी को रास्ते में रोक कर ठाकुर जी की आरती की व उनके साथ ताल से ताल मिलाकर भजन कीर्तन किया। छोटे-छोटे बच्चों के जयकारों से अल सुबह का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नारनौल की गलियां वृंदावन की कुंज गलियों की तरह गूंजायमान हो रही थी, ऐसा लग रहा था जैसे साक्षात हम श्री गिर्राज गोवर्धन महाराज की परिक्रमा कर रहे हो। श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी को रोककर राधा संकीर्तन में राधे-राधे का उच्चारण कर रहे भक्तों के साथ एक लय में राधा रानी का जयकारा लगाया। प्रभात फेरी संगठन की इस प्रभात फेरी की परिक्रमा में अनेकों जगहों पर धर्म प्रेमियों ने ठाकुर जी की आरती की व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। अंत में राधा लाड़ली जु सरकार, श्री बांके बिहारी, भगवान श्री राम एवं सनातन धर्म के जयकारे के साथ सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर संकड़ों की तादाद मे भक्तजन उपस्थित थे।

# राधे नाम की गूंज से गूंज उठा नारनौल, राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने निकाली 120वीं प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

श्री राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से रविवार को 120वीं प्रभात फेरी का आयोजन मौहल्ला नई सराय में संदीप सिंह के निवास स्थान से किया गया। प्रातः छह बजे आरंभ हुई इस अलौकिक प्रभात फेरी में यजमान द्वारा सभी श्रद्धालुओं को चंदन तिलक लगाकर एवं ठाकुर जी की आरती कर प्रभु नाम के संकीर्तन की शुरुआत की गई।

प्रभात फेरी में ढोल-मंजीरों की मधुर ध्वनि और राधे-राधे के संकीर्तन से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। नई सराय से शुरू होकर यह फेरी जमालपुर, सैन चौक होते हुए परिक्रमा मार्ग से वापस लौटी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने नृत्य करते, झूमते भक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वृंदावन की गलियों में राधा रानी के भक्त आनंदमग्न होकर अपने आराध्य के साक्षात दर्शन कर रहे हों। बच्चे, बुजुर्ग, युवक, महिलाएं सभी एक ही भाव में लीन होकर 'राधा नाम' का उच्चारण कर रहे थे और यह प्रार्थना कर रहे थे कि "हे राधे-कृष्ण! हमारे नगरवासियों पर सदैव कृपा बनाए रखो, सब स्वस्थ और सुखी रहें।" पूरे मार्ग में ठाकुर जी की आरती हुई, प्रसाद वितरित किया गया और सैकड़ों लोगों ने प्रेमपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया। बीते दो वर्षों में यह संगठन नारनौल में आध्यात्मिक चेतना का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है, जो बिना किसी भेदभाव के सभी को राधा नाम के प्रेम में जोड़ रहा है। प्रभात फेरी का समापन सनातन धर्म के जयघोष और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



नारनौल। प्रभात फेरी में भागीदारी करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# टाइगर क्लब ने आयोजित की माता की चौकी

- मंच संचालन नरेंद्र बंसी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

टाइगर क्लब की ओर से मौहल्ला मियां की सराय में शनिवार रात माता रानी की चौकी आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाइगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव और संरक्षक डॉ शिव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से की। माता रानी की चौकी के मुख्य यजमान सुशील शास्त्री के छोटे भाई व उनकी धर्मपत्नी रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र बंसी, रवि खन्ना व प्रवीण यादव ने बताया कि माता की चौकी में सबसे पहले कार्यक्रम पुरोहित पंडित नारायण शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन किया गया। गणेश वंदना सुप्रसिद्ध गायकार नरेंद्र बंसी व माता का आह्वान प्रसिद्ध गायकर नवीन वशिष्ठ द्वारा किया गया। परमानंद वर्मा ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, मैं परदेशी हूं पहली बार आया हूं, हारा हूं मैया पर तुझपे भरोसा है जीतूंगा एक दिन ये दिल मेरा कहता है, मोनू महेन्द्रगढ़िया ने किस से करूं मैं मां की तुलना मां से बड़ा ना कोई आए नवरात्रे मैया के, संतोष सैनी ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी प्यारी है , योगी अरमान ने मेरा तू ही एक सहारा मां , मां तेरे चरणो में सातों धाम समाए भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। नारायण शास्त्री द्वारा सज धज के बैठी माँ मंद मंद मुस्काए मां की श्रृंगार की रचना का भजन सुनाया गया। टाइगर क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव, संरक्षक डॉ शिव कुमार यादव नरेंद्र बंसी, रवि खन्ना, नवीन वशिष्ठ द्वारा सुशील शास्त्री जी के भतीजे के कुआं पूजन के शुभ अवसर पर यजमान को स्मृति चिन्ह भेट कर बधाई दी। मंच संचालन नरेंद्र बंसी ने किया। इस मौके पर पर सुशील शास्त्री, मोहन सागर, संरक्षक डॉ शिव कुमार, प्रधान राकेश यादव, नरेन्द्र बंसी, वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र यादव, उप प्रधान राजेश सैनी, विजय रहिश, योगी अरमान, सुनीलशर्मा, ललित कुमार, नीरज चौधरी, कुनाल यादव, अरुण सोनी, राहुल सोनी, प्रवीन यादव एवं संपूर्ण शर्मा परिवार एवं मित्रगणों सहित टाईगर क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।



नारनौल। मुख्य यजमान को सम्मानित करते हुए।

## श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

# पुष्कर मल वर्मा को चुना गया ट्रस्ट का प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की एक चुनावी बैठक रविवार रविदास मार्ग स्थित नामदेव भवन धर्मशाला में हुआ। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के चैयरमैन बाबूलाल वर्मा ने की। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष ने गत वर्ष की ट्रस्ट के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए संपन्न करवाए गए कार्यों के बारे में सभी ट्रस्टी गण को जानकारी प्रदान की तथा नई कार्यकारिणी के चुनाव करने का आग्रह किया।

चुनाव अधिकारी के रूप में ब्रह्म प्रकाश थेपडा एवं सह चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार नैनु को नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों व नए बने ट्रस्टीगण के नाम पढ़कर बताए तथा चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न करवाने बारे सदस्यों के विचार जाने। निर्विरोध चुनावी प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रकट की। सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष पद के लिए रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर मल वर्मा के नाम का प्रस्ताव पवन कुमार वर्मा लखमरा ने किया इस प्रस्ताव का समर्थन श्री नामदेव समाज समिति के सचिव एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. संजय कुमार वर्मा ने इसका अनुमोदन किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर व करतल ध्वनि से पुष्कर मल वर्मा को निर्विरोध ट्रस्ट का अध्यक्ष निर्वाचन किया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को अधिकृत किया कि वह अपनी कार्यकारिणी का चुनाव अपनी मर्जी से कर ले। पुष्कर मल वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार आपने मेरा निर्वाचन किया है इसी प्रकार से अन्य सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन भी सभी सदस्य मिल कर कर ले तो ज्यादा उचित रहेगा। उपप्रधान पद के लिए महेंद्र कुमार वर्मा रतन, सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर शिक्षाविद नवरतन वर्मा, उपसचिव के पद पर रिटायर्ड शिक्षाविद बृजमोहन गोठवाल ,कोषाध्यक्ष के पद पर सेवानिवृत्त शिक्षाविद ओमप्रकाश वर्मा लोहारिया, संगठन सचिव के पद पर रमेश कुमार पांडला और ऑडिटर के पद पर रिटायर्ड मुख्याध्यापक सुभाष चंद्र वर्मा कश्यप का चुनाव निर्विरोध रूप से सर्वसम्मति से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्य गण को संबोधित करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष पुष्कर मल वर्मा ने सभी का आभार जताया।



नारनौल। श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के निर्विरोध चुनाव में चुने गए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**शास्त्रों की प्रमाणिकता के लिए बोर्ड गठित करने की मांग**

# सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी

नांगल चौधरी के सामाजिक संगठन ने हाइकोर्ट के एडवोकेट डॉ सत्यपाल यादव की अगुवाई में जंतर-मंतर पर मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह भुकर, उद्योगपति अनिल अग्रवाल, सर्वोच्च न्यायलय के एडवोकेट अजीत कुमार, सीए सुरजीत भटनागर, डॉ एएन जिंदल, ममता यादव इंजीनियर, डॉ सुबेसिंह यादव शामिल रहे। उन्होंने धर्म और जातीय दंगों पर तत्परता से अंकुश लगाने की गुहार लगाई है। इसके लिए उन्होंने शास्त्रों को प्रमाणिक करने के लिए बोर्ड के गठन की मांग रखी है।

एडवोकेट सत्यपाल यादव ने बताया कि शास्त्र की भारतीय संस्कृति की पहचान होते हैं। लेकिन अधिकांश लोगों को शास्त्रों का पूर्ण ज्ञान नहीं और तर्कहीन प्रचार करके समाज में धर्म, जाति व समाजिक विवादों को जन्म देते हैं। कई राज्यों में लिंग, नस्ल, क्षेत्र, भाषा, लंग, मत, संप्रदाय के नाम पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस समस्या का प्रमुख कारण शास्त्रों की अवैज्ञानिकता, अव्यवहारिकता तथा अनिश्चिताएं हैं, लोग असंभव परिस्थितियों को लेकर चिंतित हैं तथा आपसी भाईचारे को खराब कर रहे हैं। तनाव और दंगों के कारण विभिन्न राज्यों में भय, भ्रम, भूख, भ्रष्टाचार, हिंसा, शोषण की समस्या बनी हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि संस्कृति का जन्म शास्त्रों से, शास्त्र का जन्म दर्शन और दर्शन का मुद्दा मनुष्य की अभिव्यक्ति से जुड़ा हुआ है। विभिन्न सामाजिक समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय में ज्ञापन के लिए आवेदन किया था।



नांगल चौधरी। जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपता हुआ सामाजिक संगठन।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। गौशाला में सवामणी आयोजित करते परिवार के सदस्य।

### सेवानिवृत्ति पर आयोजित की सवामणी

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्री गौशाला में रविवार को शहर के मोहल्ला निवासी मास्टर सुखीराम ने अपनी सेवानिवृत्ति पर परिजनों के साथ सवामणी का आयोजन किया। इस दौरान मास्टर सुखीराम शर्मा ने अपने परिवार जनों के साथ गायों को चाट खिलाई। गौशाला धोलपोश के प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

### पैरामाण्ड गार्डन में आज रक्तदान शिविर

**नारनौल।** केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के जन्मदिन पर पांच मई को शहर के रेवाड़ी रोड स्थित पैरामाण्ड गार्डन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में आयोजक भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की लंबी आयु के लिए उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस रक्तदान की एक एक बूंद मरीजों के स्वास्थ्य को ठीक करने में काम आएगी। यह शिविर सुबह नौ बजे आरम्भ हो जाएगा।

### अभियान चलाकर युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगाः महेंद्र

**मंडी अटेली।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया कि अभियान चलाकर युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। संगठन को मजबूत करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। कांग्रेस पार्टी हमेशा संघर्ष कर उपलब्धता हासिल कि है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा मजबूत होकर कार्य करता है। जिस प्रकार राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस की कोर कमेटी के साथ बैठक में सभी नेताओं को पुरानी बातें भूलकर एकसाथ काम करने को कहा है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले सभी महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब सरकार की मंशा में खोट नजर आ रहा है और वह सिर्फ गरीब परिवारों धोखा देने का काम कर रही है।

### महंत शक्तिनाथ महाराज की 21 धूनी तप आज से

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ स्थित माता भूरा भवानी मंदिर की महंत शक्तिनाथ महाराज 5 से 25 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक दो घंटे 21 धूनी तप करेंगी। इस दौरान मंदिर में महिला श्रद्धालू भक्तजन सत्संग करेगी। मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव एवं कमेटी सदस्य मुकेश चौहान, शिव कुमार, परमजीत व बजरंगी ने बताया कि महंत शक्तीनाथ महाराज की 21 दिवसीय धूनी तपस्या में गांव सिसोठ एवं क्षेत्र की महिलाए भजन कीर्तन करके अपना पूरा सहयोग करेंगी। महंत शक्तिनाथ महाराज की इस 21 दिवसीय धूनी तपस्या में कमेटी सदस्यों का पूरा सहयोग रहेगा।

# रेवाड़ी रोड पर फुटपाथ निर्माण में निकल रही पुरानी रोड़ियां जा रही वेस्ट में

## नप की ओर से एक दशक पहले सड़क चौड़ी करने एवं डिवाइडर बनवाने का कार्य किया था शुरू, जिसके निर्माण के लिए बनाया गया था रोड़ियों का बिस्तर

राजकुमार ▶▶। नारनौल

आजकल नगर परिषद द्वारा रेवाड़ी रोड पर किए जा रहे फुटपाथ निर्माण के लिए सड़क किनारे जेसीबी से करवाई जा रही खुदाई में रोड़ियां निकल रही हैं। कमाल की बात है कि इन रोड़ियों को हटाकर नई रोड़ियां डलवाई जा रही हैं और पुरानी डाली हुई रोड़ियों को मिट्टी के साथ ही उठाकर रद्दी (वेस्ट) में डाला जा रहा है। इससे सरकारी धन का दुरुपयोग होता साफ नजर आ रहा है, क्योंकि सवाल उठता है कि पहले यह रोड़ियां किस कार्य के लिए बिछाई गई थी और वह कार्य क्यों पूरा नहीं किया गया। जब वह कार्य पूरा नहीं हुआ तो उस कार्य के लिए आया बजट कहां चला गया। उल्लेखनीय है कि रेवाड़ी रोड को लंबे समय से फोरलेन बनाने की मांग उठती रही है। जिस प्रकार से नगर परिषद ने महावीर चौक से गंदे नाले तक एवं नेताजी पार्क तक डिवाइडर समेत फोरलेन रोड का निर्माण किया हुआ है, गंदे नाले से आगे नीरपुर तक तथा सिंघाना रोड पर होंडा चौक से रघुनाथपुरा जलेबी चौक तक डिवाइडर युक्त फोरलेन सड़क की वैसी ही जरूरत महसूस की जा रही है। पहले के दशकों की तुलना में अब ट्रेफिक का दबाव काफी बढ़ गया है तथा शहर में दो पहिया वाहनों के साथ–साथ चार पहिया गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गई है तथा शहर में आते वक्त इन सड़कों पर वाहनों का काफी दबाव बना रहता है। वाहनों के दबाव के कारण इस एनएच 11 सड़क मार्ग पर इस हिस्से में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कईयों की जान जा चुकी है तो कई दिव्यांगता के शिकार हो चुके हैं।



नारनौल। सड़क के किनारे से निकल रही पुरानी रोड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### सड़क चौड़ी करने एवं डिवाइडर बनाने की थी योजना

जब प्रदेश में सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार थी, तब नारनौल में एनएच 11 को रेवाड़ी रोड पर फोरलेन बनाने की काफी डिमांड उठी थी और उस सरकार ने इसे फोरलेन मंजूर भी कर दिया था। बाद वह सरकार बदल गई, लेकिन उस योजना के तहत नगर परिषद में बजट आया। जब बजट आया, तब नगर परिषद के तत्कालीन अधिकारियों ने इस रेवाड़ी रोड को फोरलेन बनाना भी चाहा, जिसके तहत कृष्णावती नदी के पास से सड़क के दोनों तरफ गंदे नाले की ओर निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस कार्य के तहत सड़क के दोनों तरफ जेसीबी से खुदाई करके उसमें रोड़ियां जमाई गई, ताकि उस पर तारकोल युक्त काली सड़क बनाई जा सके और सड़क चौड़ी होने पर डिवाइडर भी बनाया जा सके, लेकिन न जाने क्यों, तब कृष्णावती से गंदे नाले की तरफ काफी हिस्से में रोड़ियां डालने के बाद उस योजना से हाथ खींच लिए गए और शहरवासियों का फोरलेन का सपना अधूरा ही रह गया।

### अब खुदाई में निकल रही वही रोड़ियां

गौर करने वाली बात है कि तब नगर परिषद ने फोरलेन एवं डिवाइडर बनाने के लिए सड़क के दोनों तरफ रोड़ियां डलवाई थी, वह रोड़ियां अब बनाए जा रहे फुटपाथ निर्माण के लिए जेसीबी से की जा रही खुदाई में निकल रही हैं। इन पुरानी रोड़ियों को जेसीबी से खुदाई करके ट्रालियां भरकर कहीं दूर वेस्ट के रूप में डाली जा रही हैं और इन हटाई गई पुरानी रोड़ियों की जगह नई रोड़ियां डालकर उन पर रोलर चलाकर उन्हें जमा जा रहा है, ताकि टाइलों से युक्त फुटपाथ का निर्माण किया जा सके। ऐसे में पुरानी जमाई हुई रोड़ियां कूड़ा सिद्ध हो रही हैं। ऐसे में पुरानी रोड़ियां कूड़ा सिद्ध कर दी गई हैं, जबकि इन रोड़ियों पर तत्कालीन नप अधिकारियों ने भी सरकार का पैसा पानी की तरह बहाया होगा।

*यह बोले अधिकारीः इस बाबत जब नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सुंदर सिंह श्योराण से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी उन्होंने मौका नहीं देखा है। यदि ऐसा है तो एकबार चेक करवा लेते हैं। चेक करवाने के बाद ही वह कुछ कर पाएंगे।*

## यात्रियों की कमी के कारण विभाग ने उठाया कदम

# चंडीगढ़ जाने वाली एसी बस बंद अब साधारण बस से करें सफर

- महेंद्रगढ़ एसी बस में किराया लगता है 530 रुपये, साधारण बस में लगता है 360 रुपये

हरिभूमि न्यूज नारनौल/महेंद्रगढ़

बस का यात्रियों के अभाव में ग्रीन कॉरिडोर 152डी से नारनौल से चंडीगढ़ चलने वाली एसी बस का संचालन बंद कर दिया गया है। अब परिवहन विभाग द्वारा रविवार से एसी बस की जगह साधारण बस संचालन शुरू कर दिया है। साधारण बस का संचालन एसी बस की समय सारिणी अनुसार ही किया जाएगा। बता दें कि मार्च माह में परिवहन विभाग की ओर से नारनौल से वाया महेंद्रगढ़ होते हुए नेशनल हाईवे 152-डी के लिए एसी बस सेवा शुरू की थी, लेकिन अब यात्रियों की कमी के चलते एसी की जगह साधारण बस का संचालन किया जाएगा। एसी बस का संचालन बंद होने के पीछे यात्रियों की कमी माना जा रहा है। एसी बस में साधारण बस करीब 150 रुपये अधिक किराया लगता है। ऐसे में यात्री साधारण बस से सफर करना ज्यादा पंसद कर रहे थे। नई साधारण बस का संचालन एसी बस की समय सारिणी अनुसार ही किया जाएगा। यह बस शाम के शाम शाम बजे नारनौल से चलकर महेंद्रगढ़ से वाया बुचावास नेशनल हाइवे 152-डी से होते हुए चंडीगढ़ । बस का रात्रि ठहराव चंडीगढ़ में ही रहेगा। परिवहन विभाग की ओर जारी की गई नई समय सारिणी के अनुसार यह बस नारनौल से शाम चार बजे चलकर 4.30 बजे महेंद्रगढ़, 4.45 बजे बुचावास कट से होते हुए रात नौ बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वहीं वापसी के लिए सुबह 5.40 बजे चंडीगढ़ से रवाना होकर 11 बजे महेंद्रगढ़ से होकर 11.30 बजे नारनौल पहुंचेगी। नई बस सेवा का संचालन शुरू होने के बाद महेंद्रगढ़ के साथ-साथ राजस्थान के गांवों को भी फायदा मिलेगा, क्योंकि सुबह के समय महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ के लिए कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं थी। यात्रियों के सुबह के बस पकड़ने के लिए नारनौल या फिर बुचावास कट जाना पड़ता था।





### 152-डी ग्रीन कोरिडोर बस सेवा की समय सारणी

| डिपो | नारनौल से चलने का समय | चंडीगढ से चलने का समय |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | सुबह 5:00 बजे | शाम 4:00 बजे |
| अंबाला | सुबह 6: 42 बजे | शाम 4:40 बजे |
| चंडीगढ़ | शाम 5.30 बजे | सुबह 6.30 बजे |

### वाया महेंद्रगढ़ होकर जाने वाली बसों की समय सारिणी

| डिपो | नारनौल का समय | महेंद्रगढ़ का समय | चंडीगढ का समय |
|---|---|---|---|
| नारनौल | सुबह 4:00 बजे | सुबह 4.30 बजे | दोपहर 12:00 बजे |
| नारनौल | सुबह 8 बजे | सुबह 8.30 बजे | शाम 3 बजे |
| दादरी | सुबह 9 बजे | सुबह 9.30 बजे | शाम 4 बजे |
| नारनौल | सुबह 10 बजे | सुबह 10.30 बजे | शाम 5.30 बजे |
| यमुनानगर | सुबह 11 बजे | सुबह 11.30 बजे | सुबह 7.30 बजे |
| कुरूक्षेत्र | सुबह 12 बजे | दोपहर 12.30 बजे | सुबह 8.30 बजे |
| नारनौल | दोपहर 2.15 बजे | दोपहर 3 बजे | सुबह 8 बजे |
| नारनौल | शाम 4 बजे | शाम 4.30 बजे | रात 9 बजे |
| दादरी | सायं 6:30 बजे | शाम 7 बजे | सुबह 6:20 बजे |

- एसी बस की जगह चलने की वाली साधारण बस का समय रहेगा वही, नारनौल शाम 4 बजे चंडीगढ़ के लिए होगी रवाना, रविवार से संचालन होगा शुरू
- मार्च में ग्रीन कॉरिडोर पर 152 डी पर नई एसी बस संचालन हुआ था शुरू, महेंद्रगढ़ से शाम साढ़े चार बजे होती है चंडीगढ़ के लिए होगी रवाना

### 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से बसें चलने से फायदा

बता दें कि नारनौल से चंडीगढ़ 152-डी ग्रीन कॉरिडोर पर विभिन्न डिपों की ओर से बसों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें नारनौल, चंडीगढ़, अंबाला, दादरी, कुरूक्षेत्र व यमुनानगर डिपो शामिल है। 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से बसों का संचालन शुरू होने के बाद जिला कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को लाभ मिल रहा हैं। महेंद्रगढ़, दादरी, रोहतक से चंडीगढ़ रोडवेज बस में 410 रुपये किराया लगता है तथा महेंद्रगढ़ से 152 ग्रीन कॉरिडोर से रोडवेज बस में 360 रुपये किराया लगेगा।



नारनौल। गौशाला को पंखा वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# श्रीअनाथ गोशाला को सात बड़े पंखे मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

नारनौल गौ सेवा मंडल के सानिध्य में रविवार को श्रीअनाथ गौशाला में सात बड़े पंखे गौभक्तों के सहयोग से गौ माता की सेवा में दिए गए। दान दाताओं में दौलत राम गर्ग, विनय गुप्ता, आशु चौधरी, प्रिया गारमेंट, श्रीश्याम आस्था मंडल, आशीष बंसल और एक गुप्त दान पंखा इन सभी भक्तों के सहयोग से दिए गए।

मंडल संरक्षक कैलाश पहलवान व प्रधान सतपाल यादव ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया, और गौमाता के लिए हरी सब्जी की 873 वी सवामनी सभी भक्तों के सहयोग से लगाई गई। मंडल सचिव रमेश यादव व राजेश यादव ने बताया कि गौ माता सवामनी करने से मन के सभी विकार दूर होते हैं। उप प्रधान सुभाष शर्मा व दलीप यादव ने कहा कि बेजुबान गौमाता की सेवा से अधिक पुण्य कर्म और कोई नही हो सकता। मंडल संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि गौशालाओं में लोग ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर रहे हैं और हम सभी को किसी भी विशेष अवसर पर गो सेवा में सहयोग अवश्य प्रदान करना चाहिए। सज्जन सिंह व रामचंद्र योगाचार्य ने बताया कि मंडल करीब तीन साल से रोज 25 से 30 क्विंटल हरी सब्जी या हरा चारा किसी न किसी गौशाला में गौ माता के लिए जरूर डलवाता है। इस मौके पर सतपाल यादव, कैलाश पहलवान, मंडल संस्थापक मुकेश वालिया, सज्जन सिंह, उप प्रधान सुभाष शर्मा, सूरज अग्रवाल, अरुण नूनीवाला, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, दलीप यादव, रमेश यादव, प्रकाश सैनी, लाला दूधिया, आशीष बंसल, रजत गुप्ता,संतोष नीरपुर, मनीष यादव उपस्थित रहे।

# किसानों का कैश क्रॉप की ओर बढ़ रहा रुझान

- ककराला के किसान बागवानी की खेती कर कमा रहे हैं लाखों रुपए का मुनाफा
- केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ ले रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कनीना

केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को उपर उठाने के लिए क्रियान्वित की जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर कनीना सब डिवीजन के विभिन्न गावों के किसान जागरूक हुए हैं। जो कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारियों से प्रशिक्षण लेकर कैश क्रॉप के माध्यम से लाखों रूपये का मुनाफा ले रहे हैं। इसी कडी में ककराला गांव के किसान किसान जगदीश पिछले करीब ढाई दशक से परंपरागत खेती छोडकर कैश क्रॉप कर रहा है। वह प्रतिवर्ष दो एकड़ में तरबूज, खरबूज, घीया,टमाटर, प्याज, पेठा व ककड़ी की खेती करता है। उन्होंने दो एकड़ में 35 हजार रूपये की लागत से कैश क्रॉप लगाई थी। जिस पर हरियाणा सरकार से 16 हजार रुपये का अनुदान मिला। हाल ही में दो दिन पूर्व हुई बरसात व ओलावृष्टि से सब्जी की फसल को नुकसान हुआ है। जगदीश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने डेढ लाख रूपये की लागत से दो एकड़ रक्बे में सब्जी की फसल लगाई थी। जिस पर चार लाख रुपये की आमदनी हुई थी। इस बार दो दिन पहले बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने सपनों पर पानी फेर दिया। मुकेश ने बताया कि वह सब्जी बेचकर ही आजीविका चलाते हैं। सब्जी की फसल औलावृष्टि से खराब होने पर उनकी आमदनी पर संकट खड़ा हो गया है।



कनीना। ककराला में तरबूज की पैदावार दिखाता किसान।

### सरकार किसानों के बहुत संवेदनशील

कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार यदव ने बताया कि सरकार किसानों के बहुत संवेदनशील है। उन्हें रियायती दर पर खाद-बीज उपलब्ध करवाती है वहीं फसल लगाने पर सब्सिडी भी दी जाती है। प्रगतिशील किसान परंपरागत खेती छोड़कर बागवानी व कैश क्रॉप की फसल अपनाने लगे हैं। जो किसानों के लिए अच्छी आमदनी का स्रोत है। फसल बिक्री होने से रोजाना आमदनी हो जाती है और उसे मुनाफा भी खूब होता है। किसान उदय सिंह ने बताया कि उन्होंने डेढ़ एकड़ रक्बे में प्याज, टमाटर, घीया लगा रखी है। जिससे अच्छी आमदनी हो जाती है। इसका बीज हरियाणा सरकार की योजना अनुसार 50 फीसदी अनुदान पर मिला था। बरसात से फसल को नुकसान हुआ है। मंडी में ले जाते हैं तो बहुत कम भाव मिलता है। गांव-गांव जाकर बिक्री से अच्छी कीमत मिल जाती है।

# राखी ने भौतिक विज्ञान में उत्तीर्ण की जेआरएफ

**मंडी अटेली।** गांव रामपुरा निवासी राखी यादव ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में भौतिक विज्ञान विषय में ऑल इंडिया स्तर पर 64वीं रैंक के साथ जेआरएफ नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। अटेली ह स ला ब लॉ क प्रधान हंसराज यादव ने बताया कि मेधावी छात्रा ने 12वीं की शिक्षा राजकीय स्कूल बिहाली से स्नातक की शिक्षा राजकीय कॉलेज अटेली से व मास्टर डिग्री सुबोध पीजी कॉलेज जयपुर से प्राप्त की। छात्रा ने सफलता का श्रेय दादा-दादी हवलदार श्रीराम यादव, लाली देवी, ससुर राजपाल यादव, माता-पिता रामोतार, सुनीता देवी, पति रविंद्र कुमार, चाचा-चाची प्रवक्ता हंसराज यादव, पूनम देवी, भाई रोहन, नितिन व जतिन के साथ गुरुजनों जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान, कुलदीप शर्मा, अनिल कालिया को दिया है। मौक पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों डॉ. सीएस वर्मा, बिशन कुमार शर्मा, डॉ. रणपाल सिंह व पूर्व सरपंच मदनलाल ने बधाई दी।



# विधायक ने शहर में बनने वाली सड़कों का किया निरीक्षण



एक किलोमीटर लंबी 20 फुट चौड़ी इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू

महेंद्रगढ़। अधिकारियों से जानकारी लेते विधायक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

विधायक कंवर सिंह यादव ने रविवार को शहर के भाई राम सिंह की कोठी से मोदाश्रम तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण किया। विधायक कंवर सिंह यादव के साथ नगरपालिका नवदीप जेई व सचिव भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि काफी समय के बाद महेंद्रगढ़ शहर में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। भाजपा सरकार हरियाणा में विकास कार्य को लेकर तेज गति से कार्य कर रही है। एक किलोमीटर लंबी 20 फुट चौड़ी इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। विधायक कंवर सिंह यादव ने अधिकारियों को सड़क निर्माण में अच्छी गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कमी ना हो। विधायक ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर की सबसे मुख्य सड़क 11 हट्टा बाजार का कार्य शुरू हो गया है। अधिकारियों और सबंधित एंजेसी सड़क निर्माण में किसी प्रकार की घटिया सामग्री का उपयोग ना करे। खुद आकर सड़कों का निरक्षण करेंगे। मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, डॉ. महेश, राजदीप आदि मौजूद रहे।

## पॉश एरिया हुडा सेक्टर के लोगों में दहशत

# महावीर पुलिस चौकी के अधीन क्षेत्र में बढ़ रहा क्राइम, एसपी ऑफिस पर धरना दिया

*अपराध पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर ही रविवार हुडा सेक्टर वासी लोग एसपी पूजा वशिष्ठ से मिलने उनके महेंद्रगढ़ रोड स्थित आवास पर पहुंचे। करीब 30 मिनट तक इंतजार के बाद हुडा वासी गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।*

### लोगों ने जताया विरोध, एसपी से की मांग

- करीब 30 मिनट तक इंतजार के बाद जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

अपराधिक गतिविधियों में निरंतर इजाफा हो रहा है। सर्वाधिक शहरी क्षेत्र में महावीर पुलिस चौकी के अधीन आने वाले एरिया में तो एक के बाद एक अनेक वारदात हो चुकी है। अपराध पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर ही रविवार हुडा सेक्टर वासी लोग एसपी पूजा वशिष्ठ से मिलने उनके महेंद्रगढ़ रोड स्थित आवास पर पहुंचे। करीब 30 मिनट तक इंतजार के बाद हुडा वासी गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान वहां पहुंचे डीएसपी को मांग पत्र भी सौंपा गया। जानकारी के मुताबिक शहर की पॉश एरिया हुडा सेक्टर एक के लोगों ने रविवार बढ़ते अपराधों के विरोध में एसपी निवास के बाहर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सेक्टर एक के लोगों का कहना था कि सेक्टर में असमाजिक तत्वों द्वारा आपराधिक घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। जैसे महिलाओं की चैन स्नैचिंग, घरो में घुसकर घोरी, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार तथा हाल ही में हुडा सेक्टर वासी सेवानिवृत प्रोफेसर विष्णु कुमार के मकान में पिस्तौल से किया गया हमला जैसी गम्भीर घटनाएं शामिल हैं। इन घटनाओं के कारण सेक्टर में असुरक्षा व भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। जिससे आम नागरिक विशेषकर महिलाएं, बच्चे एवं वृद्ध अत्यधिक परेशान है। इसलिए सेक्टर एक में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। जिसमें सेक्टर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए व अनधिकृत प्रवेश रास्तों पर रोक लगाई जाए तथा जिसने विष्णु गर्ग पर पिस्तौल से हमला करके जान से मारने की कोशिश की उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मौके पर सेक्टर एक के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।





नारनौल। एसपी कैंप के बाहर गेट के पास धरना देते हुडा सेक्टर वासी। फोटो :हरिभू